# सचिव राँची क्षेत्र का प्रतिवेदन ....

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मुख्य अतिथि, महासचिव, मंच पर उपस्थित अतिथि, विशिष्ट अतिथि, केन्द्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी तथा कार्य समिति एवं परामर्शदातृ समिति के सदस्यगण, संरक्षकगण, मौर्य कुशवाहा अभियंता भवन निर्माण समिति के पदाधि कारी एवं सदस्यगण और आम सभा मे उपस्थित सभी सदस्य तथा भाई-बहनों! राँची क्षेत्र की ओर से कुशवाहा अभियंता फोरम की 28वीं वार्षिक आम सभा में आपसबों का हार्दिक स्वागत करता हूँ।

सर्व विदित है कि कोरोना महामारी का देश पुरा विश्व झेल रहा है। सरकारी निर्देशों के आलोक में कोई भी सभा-बैठक नहीं की जा सकती थी। पर धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो रही है। सुरक्षा की दृष्टि से 2020-2021 में मासिक बैठक बुलाना उपयुक्त नहीं था। प्रभावी असर फोरम के कार्यक्रमों पर भी पड़ा जिसके कारण सदस्यों से मिलना-जुलना इत्यादि बन्द रहा। आज इस आमसभा में यह अवसर हमें मिला है कि फोरम के उत्थान हेतु अपना-अपना विचार व्यक्त कर फिर से कार्यक्रमों को पटरी पर लाया जा सके।

विगत दिनांक 17.03.2019 को राँची क्षेत्र के अस्मिता से जुड़ी क्षेत्रीय कार्यालय भवन के निर्माण हेतु सदस्यों ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि इस मद में प्रत्येक सदस्य कम-से-कम 11,000/- (ग्यारह) हजार रूपये सहयोग राशि के रूप में दें। सहयोग करने का सिलसिला चल ही रहा था कि कोरोना ने व्यवधान पैदा कर दिया। अब फिर से मौका है कि हम सभी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दिल खोलकर अपना सहयोग करें।

विगत समय में भवन निर्माण हेतु कई जगह जमीन तलाश किया गया एवं जमीन पर जाकर स्वयं देखा गया पर वास्तविकता यह है कि रींग रोड के भीतर 5 से 6 लाख रूपये प्रति डिसमिल जमीन मिल रहा है। दूर में नगड़ी से लोधमा रूट में भी 50,000 से 60,000 रूपये प्रति डिसमिल तक जमीन मिलता है पर रींग रोड से काफी दूर होने के कारण पहल नहीं किया गया। कोष की कमी ही जमीन की खरीद में बहुत बड़ी बाधा है।

सदस्यों से आग्रह है कि सभी सदस्य अपना सहयोग राशि पंजाब नेशन बैंक, धुर्वा शाखा के खाता संख्या-0939000100174086, IFSC Code-PUNB0760800 में जमा कर कोषाध्यक्ष को KAF के द्वारा सूचित कर दें। नगद भुगतान भी देय है।

अन्त में सभी उपस्थित सदस्यों से आग्रह है कि फोरम के चहुमुखी विकास के लिए अपना बहुमुल्य सुझाव दें। साथ-ही-साथ ज्यादा से ज्यादा अभियंता को सदस्य बनाने में भी फोरम का सहयोग अपेक्षित है।

जय हिन्द जय कुशवाहा अभियंता फोरम।

**( इ० कामता प्रसाद सिंह )**
सचिव
राँची क्षेत्र